# बिहार विधान परिषद

**(विधान परिषद् का 192वां बजट सत्र)**

## 08 जुलाई 2019

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**- 32**

----

### उपलब्ध राशि से कार्य

***1 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पंचम राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में वर्ष 2018-19 में राज्य की त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के लिए प्रावधानित कुल 2600.30 करोड़ के विरुद्ध अबतक 1300.29 करोड़ रुपये उपलब्ध करा दी गई थी;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलायेगी कि अबतक उपलब्ध राशियों से पटना जिले के किन-किन पंचायतों में कौन-कौन से कार्य संपादित किया गया है और लंबित कार्यों की क्या स्थिति है?

----

### माली की नियुक्ति

***3 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि,प्रदेश में विगत दो-तीन दशकों से माली की नियुक्ति नहीं की गई है, बाग-बगीचा के प्रति क्या यह सरकार की उपेक्षा एवं उदासीन रुख नहीं है

;

(ख) क्या यह सही है कि मात्र माननीय मंत्रीगण के आवास परिसर में अवस्थित बाग-बगीचे की ही देखभाल नियमित रूप से करवायी जा रही है तथा अन्य स्थानों यथा माननीय सदस्य विधान सभा,विधान परिषद् के आवास परिसर या अन्य स्थानों पर बाग-बगीचों की देखभाल की कई वर्षों से उपेक्षा की जा रही है ;

(ग) यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार निकट भविष्य में मालियों की नियुक्ति स्थायी या निविदा पर करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का पुनर्निर्माण के संबंध में

*7 **श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगें कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के लोकही प्रखण्ड के तहत मारन गाँव के अंतर्गत कमला तट बंध पर पुल का निर्माण आधा-अधूरा है;

(ख) क्या यह सही है कि एक वर्ष पूर्व लाखों रूपये की लागत से बलान नदी पर पुल का निर्माण किया गया था जो अभी निर्माणाधीन है;

(ग) क्या यह सही है कि मनरेगा प्रोग्राम प्रखण्ड पदाधिकारी के कथनानुसार पेंडिंग पड़ी राशि के भुगतान के पश्चात ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा;

(घ) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पेंडिंग पड़ी राशि का भुगतान करा कर उक्त कमला तटबंध पर अधूरे पुल का पुनर्निर्माण कराना चाहती है? यदि हाँ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों?

----

## जनहित में पथ निर्माण

*113 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नवगठिया जीरो माइल स्थित राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-31 से विजय घाट पुल होते हुए मधेपुरा जानेवाली सड़क के भटगामा,

चौसा, पुरैनी, उदाकिसुनगंज, गवालपाड़ा एवं पस्तपाड़ के बीच पथ का निर्माण-कार्य अत्यन्त ही धीमा है;

(ख) क्या यह सही है कि कोशी प्रक्षेत्र के साथ-साथ नेपाल से भी आने-जाने वाली गाडि़यों के लिए यह मार्ग महत्वपूर्ण है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जनहित में पथ निर्माण का कार्य पूरा करना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## कार्यवाई पर विचार

*114 **श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में गंगा नदी पर कच्ची दरगाह, बिदुपुर 6 लेन पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुल में गुणवत्ता का उल्लंघन कर निर्माण कार्य किया जा रहा है तथा मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य में घटिया पुल निर्माण करने वाली कम्पनी पर कौन सी कार्रवाई करना चाहती है?

----

## सम्मान निधि योजना का लाभ

*115 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि केन्द्र प्रयोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान)योजना बिहार में एक दिसम्बर 2018 से ही प्रभावी है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में 1.61 करोड़ किसान हैं अभी तक कितने किसान ऑनलाइन आवेदन दिया और कितने किसान को प्रथम किस्त के रूप में दो हजार रुपये दिए गए हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य में अभी तक कितने किसानों ने इस योजना के लाभ के लिए निबंधन कराया है, उन सभी किसानों को प्रथम किस्त बैंकों के द्वारा भुगतान कर दिया गयाहै, इसके प्रचार प्रसार गांवों तक किया जा रहा है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक राज्य के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाना चाहती है, यदि हां नहीं तो क्यों ?

----

## प्रशिक्षण केन्द्र का जीर्णोद्धार

***116 डा. दिलीप कुमार चौधरी (स्नातक दरभंगा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जिला के मत्स्य उत्पादन प्रशिक्षण केन्द्र उपेक्षित रहने के कारण मछली पालकों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है;

(ख) क्या यह सही है मत्स्य उत्पादन सह प्रशिक्षण केन्द्र केवल नाम का बना हुआ है और इसका निर्माण हुए डेढ़ दशक से अधिक समय हो गया है ;

(ग) क्या यह सही है कि देखरेख के अभाव में उक्त प्रशिक्षण केन्द्र खंडहर में तब्दील हो गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मत्स्य उत्पादन प्रशिक्षण केन्द्र का जीर्णोद्वार करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों

?

----

## सड़क का पक्कीकरण

***117 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**ग्रामीण कार्य :-**

**सड़क का पक्कीकरण**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के कोंच प्रखण्ड अन्तर्गत परसामा से रजौड़ा, तरारी, कुरकट्टी जाने वाली मुख्य सड़क दर्जनों गांवों को जोड़ती है, जो कच्ची सड़क है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क से दर्जनों गांवों के निवासियों का आवागमन होता है, वर्षों से मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है;

(ग) क्या यह सही है कि बरसात के दिनों में कच्ची सड़क पर चलने में राहगीरों

को आने-जाने में भारी कठिनाई झेलनी पड़ती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कोंच प्रखण्ड अंतर्गत परमासा से रजौरा, तरारी, कुरकट्टी जाने वाली मुख्य सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## नाला का निर्माण

*118 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत कंकड़बाग, रोड नम्बर-3 के मलाही पकड़ी चौक से पटना बाईपास तक निर्मित 90 फीट सड़क की दोनों तरफ नाला का निर्माण नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि नाला के निर्माण के अभाव में बरसाती पानी दुसाधी पकड़ी, कैलाशपुरी-भाभा, कॉलोनी आदि कॉलोनियों में जमा हो जाता है जिससे वहां की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार मलाही पकड़ी चौक से नया बाईपास तक 90 फीट सड़क की दोनों तरफ नाला का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सक्षम अधिकारी से जांच

*119 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि कृषि विभाग के द्वारा माप-तौल प्रशासन के उपभोग के लिए सैकड़ों की संख्या में वर्ष 2018-19 में कम्प्यूटरों की खरीद की गई;

(ख) क्या यह सही है कि इन कम्प्यूटरों की खरीद बाजार भाव से कहीं ज्यादा के भाव में की गई है तथा गुणवत्ता के स्तर मामले में भी निम्न स्तर का है;

(ग) क्या यह सही है कि कतिपय आवश्यक उपकरणों के अभाव में सभी कम्प्यूटर बंद पड़े हैं तथा उनका उपयोग नहीं हो रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इस मामले

की जांच सक्षम अधिकारी से कराना चाहेगी?

----

## सड़क की मरम्मति

*120 **श्री दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर- मुजफ्फरपुर पथ में शिवहर से नरवारा तक की सड़क की स्थिति काफी दयनीय तथा जर्जर है जिसके कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों हो रही है ;

(ख) यदि उक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार शिवहर से नरवारा तक की लगभग 25 किलोमीटर सड़क की मरम्मती कराने का विÞचार रखती है,हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*121 **श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया शहर में पितृपक्ष में लाखों श्रद्धालु विष्णुपद देवघाट से लेकर सीताकुंड में पिंड देने आते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि विष्णुपद देवघाट से लेकर सीताकुंड तक पैदल पथ, (पुल) नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को दूसरे रास्ते से घूमकर सीताकुंड जाना पड़ता है, जिससे काफी समय लग जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि विष्णुपद देवघाट से लेकर सीताकुंड तक पैदल पथ(पुल) का निर्माण हो जाने से श्रद्धालुओं को पैसे के साथ-साथ समय की भी बचत होगी ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार विष्णुपद देवघाट से लेकर सीताकुंड तक पैदल पथ (पुल) का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पेंशन का लाभ

*122 **श्री सुनील कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, दरभंगा):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में अधिकतर त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की आर्थिक स्थिति दयनीय है ;

(ख) क्या यह ससही है कि अधिकतर पंचायत प्रतिनिधि गांव –घर के गरीब तबके के आते हैं, जो दोबारा चुनाव जीत कर नहीं आते हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल समाप्ति के बाद किसी प्रकार के पेंशन की व्यवस्था नहीं है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है , तो क्या सरकार विधायक,विधान पार्षद की तरह त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल समाप्ति के बाद पेंशन देने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क निर्माण

*123 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के कोंच प्रखण्ड का ग्राम सीता बिगहा कहीं से भी सड़क से जुड़ा हुआ नहीं है ;

(ख) क्या यह सही है कि यदि सीता बिगहा गांव को बगल के गांव दिग्घी से सड़क से जोड़ दिया जाए तो ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीता बिगहा गांव को दिग्घी से सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## डबल लेन का निर्माण

*124 **श्री सतीश कुमार (विधान सभा):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मोतिहारी कुऑरीमाई चौक तक छौड़ादानों तक पथ कि चौड़ाई 3 मीटर है जिससे आये दिन सड़क दुर्घटना होती है ;

(ख) क्या यह सही है कि पड़ोसी राष्ट्र नेपाल को जोड़ने वाली सड़क जिसमें आदापुर बनकटवा घोड़ासहन-रक्सौल इत्यादि प्रखण्डों को जोड़ती है जिससे भारी वाहनों तथा ढोने वाले वाहनें वाहन तथा व्यवसायिक वाहनों का परिचालन काफी मात्रा में है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है ,तो सरकार उक्त पर कि चौड़ाई डबल लेन में परिवर्तित करना चाहती है, हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*125 **श्री तनवीर अख्तर (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिला के बसंतपुर प्रखण्ड अंतर्गत निर्मली पंचायत में एम.बी.सी. नहर से पूरब पी.डल्यू.डी. रोड से उचित राम मेहता के घर होते हुए विशेश्वर मेहता के घर तक की सड़क की स्थिति काफी जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क की स्थिति जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को अवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार सुपौल जिला के बसंतपुर प्रखण्ड अंतर्गत निर्मली पंचायत में एम.बी.सी. नहर से पूरब पी.डल्यू.डी. रोड से उचित राम मेहता के घर होते हुए विशेश्वर मेहता के घर तक जर्जर सड़क का निर्माण कार्य कराना चराहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

*126 **श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बांका जिले के प्रखंड शंभूगंज पंचायत पकडि़या ग्राम

कदराचक हाई स्कूल से पकडि़या सांसद पुल तक रोड काफी जर्जर स्थिति में है ;

(ख) क्या यह सही है कि कदराचक हाई स्कूल से पकडि़या सांसद पुल तक रोड काफी जर्जर स्थिति में है हम लोगों ने जब लोकसभा चुनाव प्रचार के दोरान वहां पहुंचे तो ग्रामीणों का काफी आक्रोश झेलना पड़ा ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित स्थल पर जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## लिंक रोड का निर्माण

***127 श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखण्ड अंतर्गत एन.एच.-28 मुहम्मदपुर पुल( ओवर ब्रिज ) के नीचे लिंक रोड तथा बढ़ेया ओर ब्रिज के नीचे लिंक रोड की स्थिति बद से बदतर हो गई है और जल जमाव भी रहता है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है , तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के मुहम्मदपुर पुल (ओवर ब्रिज) के नीचे लिंक रोड एवं बढ़ेया ओर ब्रिज के नीचे लिंक रोड को बनाना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पी.सी.सी. का निर्माण

***128 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत पुनपुन प्रखंड की बेहराना पंचायत के ग्राम –मंझौली में श्री विजय मालाकार के मकान से श्री तपेश्वर चौधरी के मकान तक की लेबलनुमा नाली नहीं रहने के कारण घर से निकला गंदा पानी और वर्षा का पानी दक्षिण की ओर नहीं निकल पा रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खंड 'क' पर अंकित नाली को लेबलनुमा बनाकर पानी का निकास सुगम बनाना एवं नाली के किनारे किनारे पी.सी.सी. का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

***129 श्री राम लषण राम रमण (मनोनीत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड की सेलरा पंचायत में श्री विजय कुमार सिंह के घर से कमलानदी का बायां तटबंध साढ़े दस किलोमीटर पर मिलानेवाली सड़क जल-जमाव के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि लगभग 100 मीटर में डाउन लेवेल पुल बना देने से सड़क पर आवागमन चालू हो जायेगा ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक 100 मीटर में कम ऊंचाई का पुल बनाकर बाधित आवागमन को चालू कराना चाहती है ?

----

## सड़क की मरम्मति

***130 श्री राजेश राम (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के प्रखंड बगहा-1 के ग्राम कपरधिक्का से मशान पुल होते हुए राम नगर अम्बेडकर चौक जाने वाली R.W.D. सड़क पूर्ण रूप से गड्ढे में तब्दील होने के कारण आम–जनता को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त गड्ढे में तब्दील सड़क की मरम्मती कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## जीर्णोद्धार कराने के संबंध में

***131 श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन अधिकांश तालाबों का जीर्णोद्धार नहीं किया गया है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन तालाबों का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## संपर्क पथ का निर्माण

*132 **श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत सिमरी प्रखण्ड के नारायणपुर गांव में संपर्क पथ की स्थिति जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि भोजपुर-नियाजीपुर रोड से सहियार एकवना सड़क निकली है

(ग) यदि उपर्युक्त खंड ‘क’ और ‘ख’ के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार सहियार- एकवना सड़क से नारायणपुर गांव को संपर्क पथ से जोड़ने का इरादा रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## जीर्णोद्धार के संबंध में

*133 **डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड के पैरा गांव के पुस्तकालय से लेकर मोहनपुर-कटका होते हुए भरवाड़ा को जोड़नेवाला पथ अत्यंत जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि इ ि स ग्रामीण सड़क पर कई गांवों को आबादियों का दबाव है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार पैरा गांव से कटका मुख्य सड़क तक ग्रामीण सड़क का जनहित में शीघ्र जीर्णोद्धार कराना

चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## सड़क का निर्माण

*134 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखंड के 39 झवड़ा प्रधानमंत्री सड़क से नरवन होते हुए बलआ हरिजन टोली तक करीब डेढ़ किलोमीटर की सड़क बहुत ही जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क के निर्माण हेतु तत्कालीन विधान परिषद् सदस्य स्वर्गीय वासुदेव सिंह ने जिलाधिकारी समस्तीपुर से लिखित एवं मौखिक अनुरोध किया था परंतु उक्त सड़क का निर्माण नहीं हो सका है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण इस वित्तीय वर्ष में कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करने

*135 **डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल फुलपरास के अंतर्गत गोरगामा – परसा पथ का निर्माण वित्तीय वर्ष 2006- 07 से ही चल रहा है, जो अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है ;

(ख) क्या यह सही है कि करीब 8 कि.मी. लंबी इस सड़क का जो भी हिस्सा अब तक निर्मित किया गया है, वह गुणवत्ता के दृष्टिकोण से बहुत ही निम्न स्तर का है;

(ग) कया यह सही है कि ग्राम गोरगामा में पश्चिमी भूतही बालान तटबंध के निकट अवस्थित स्क्रु पाइल पुल का एप्रोच रोड वर्ष 2017 की भीषण बाढ़ में कटकर बह गया जिसका पुनर्निर्माण अभी तक नहीं किया गया है ;

(घ) क्या यह सही है कि गोरगामा गांव के बलुआही टोला के पूरब अवस्थित

करीब 1000 फुट की लंबाई के स्क्रु पाइलिंग पुल का निर्माण कार्य 5-6 वर्ष पूर्व ही प्रारंभ किया गया था, जिसे अधूरा छोड़कर संवेदक चम्पत हो चुका है

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार इस दिशा में कौन सी कार्रवाई करना चाहती है और कब तक, तथा क्या सरकार गुणवत्ताहीन कार्य की जी.एस.बी. जांच निगरानी विभाग के तकनीकी कोषांग से कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब त, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*136 **श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि खगडि़या जिले के खगडि़या प्रखंड अंतर्गत रहीमपुर उत्तरी पंचायत के वार्ड संख्या-2 में काली स्थान से बूढ़ी गंडक घाट तक जाने वाली सड़क बहुत ही जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण आम लोगों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क तीन पंचायत को जोड़ने वाली एक मात्र सड़क है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक , नहीं तो क्यों ?

----

## जांच उच्चस्तरीय

*137 **श्री मनोज यादव (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बांका जिलान्तर्गत ग्रामीण सड़कों तथा बड़े छोटे पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया था ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित सड़कें एक ओर से बनती जाती हैं तथा दूसरी ओर से क्षतिग्रस्त होती चली जाती हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़कों के मैटेंन्स के नाम पर संवेदकों एवं पदाधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये की निकासी के बावजूद सड़कों की

मरम्मति का कार्य ससमय नहीं कराया गया है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार सड़कों के मेटेन्स के नाम पर करोड़ों रुपये की निकासी के बावजूद सड़कों की समय-समय पर मरम्मति नहीं करवाने वाले संवेदकों तथा पदाधिकारियों के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच करवाना चाहती है, यदि हां तो कब तक , नहीं तो क्यों ?

----

## बंदोबस्त के निदान

***138 श्री हरिनारायण चौधरी (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला स्थित जिला परिषद् रोड माल गोदाम चौक से दुर्गा स्थान चौक और बहादुरपुर में जिला परिषद् की जमीन, जिसका खेसरा नं0- 785 के बाद जिला परिषद् का रोड है, इसके बाद नगर परिषद् की नाली है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला परिषद् की खाली जमीन, जिसका खेसरा नं0- 785 खाली पड़ी हुई है, यह जमीन स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमित है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त अतिक्रमित जमीन को मुक्त कराकर एवं खाली पड़ी जमीन पर दुकान बनाकर स्थानीय जरूरतमंद लोगों को बंदोबस्त करना चाहती है, यदि हां तो कबतक , नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

***139 श्री संतोष कुमार सुमन (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि डुमरिया-रानीतालाब सड़क SH- 69 का निर्माण कार्य गत आठ वर्षों से हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि इस सड़क में गया जिला के इमामगंज के निकट नदी में एवं बांकेबजार के निकट नदी में पूल का निर्माण कार्य आज तक अधूरा है, जबकि इस सड़क का माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा उद्घाटन हो चुका है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त

दोनों स्थानों पर यथाशीध्र पुल का निर्माण कराना चाहती है,यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सम्पर्क पथ का निर्माण

*140 **श्री हीरा प्रसाद बिन्द (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत राज्य के सभी गांवों को चयनित कर ग्रामीण सम्पर्क पथ निर्मित करने का प्रावधान किया गया है, जिसमें उपटोला भी सम्मिलित है ;

(ख) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत थरथरी प्रखंड के जैतपुर पंचायत स्थित ग्राम- धर्मपुर के ग्रामीण पक्का पथ से प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर तक संपर्क पथ नहीं है, जिससे घनी आबादी वाले इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त स्थिति में ग्रामीणों के आवागमन की सुगमता के लिए खंड 'क' में वर्णित पथ से प्राथमिक विद्यालय, धर्मपुर तक सम्पर्क पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है ,यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## मुख्य मार्ग का निर्माण

*141 **श्री टुनजी पाण्डेय (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीवान जिलान्तर्गात गुठनी प्रखण्ड के ताली से रामपुरबुजुर्ग उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली एक सड़क है;

(ख) क्या यह सही है कि यह सड़क बिहार और यु.पी. के लिए एक सम्पर्क मार्ग है ;

(ग) क्या यह सही है कि इस सड़क का कालीकरण करना जनहित में जरूरी है

;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इस मार्ग का निर्माण कराना चाहती है यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----